CMYK
Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 119 ▫ रायपुर, शनिवार 23 मई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### भारतीय सेना का चीता हेलीकॉप्टर क्रैश, बाल-बाल बचे तीन अधिकारी



**नई दिल्ली, 23 मई (न्यूज चैनल)।** लद्दाख के लेह इलाके में भारतीय सेना का एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हेलीकॉप्टर में 3 डिवीज़न यानी त्रिशूल डिवीज़न के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (GOC) समेत तीन सैन्य अधिकारी मौजूद थे। राहत की बात यह रही कि हादसे में सभी अधिकारी सुरक्षित बच गए और उन्हें केवल हल्की चोटें आईं। जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना लेह के दक्षिण-पूर्व में स्थित तांगत्से क्षेत्र के पास हुई। हेलीकॉप्टर को एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर रैंक के अधिकारी ऑपरेट कर रहे थे। घटना बुधवार को हुई थी, जबकि इसकी जानकारी बाद में सार्वजनिक हुई। सेना ने हादसे की वजह जानने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू कर दी है। शुरुआती स्तर पर तकनीकी खराबी और कठिन मौसम परिस्थितियों को संभावित कारण माना जा रहा है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही होगी।

### जंगली सुवर का शिकार करते 2 आरोपी गिरफ्तार, 4 अन्य आरोपियों की तलाश जारी



**राजिम, 23 मई (हाईवे चैनल)।** राजिम क्षेत्र से वन्यजीव शिकार का मामला सामने आया है, जहां जंगल में जंगली सुवर का अवैध शिकार करते हुए आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने 6 पालतू कुत्तों की मदद से एक नर जंगली सुवर का शिकार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामला राजिम बेसिन के जंगल क्षेत्र का है, जहां कुछ लोग अवैध रूप से शिकार करने पहुंचे थे। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके से 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक नाबालिक बालक को भी पकड़ा गया है। वन विभाग ने आरोपियों के कब्जे से लाठी-डंडे समेत एक पिकअप वाहन जब्त किया है। मामले में भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। वन विभाग के अनुसार गिरफ्तार 2 आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है, वहीं फरार 4 अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# भीषण गर्मी का कहर जारी, अगले पांच दिन राहत के आसार नहीं

### बस्तर में 26 मई से बारिश के संकेत



**रायपुर, 23 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी से लोग हलाकान हो रहे हैं. लगातार दूसरे दिन समूचा छत्तीसगढ़ तेज गर्मी की चपेट में रहा. अगले पांच दिन इससे राहत मिलने की उम्मीद नहीं है. रायपुर, बिलासपुर समेत कई इलाकों में मौसम विभाग ने हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया है. बस्तर में 26 मई से बारिश की गतिविधि शुरू होगी, लेकिन मध्य क्षेत्र में इसका प्रभाव 29 मई से नजर आने की संभावना है, तब तक प्रदेश भारी गर्मी से झुलसने के आसार हैं। सुबह 10 बजे के बाद धूप का प्रभाव शुरू हो जाता है और 12 बजे के बाद लू का प्रभाव शुरू हो जाता है. जिसका असर शाम 5 बजे के बाद ही कम हो रहा है, मगर गर्मी से राहत सुबह बाद ही मिल पा रही है. शुक्रवार को सबसे ज्यादा गर्म दुर्ग इलाका रहा, यहां 44.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकपुर में 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण अंदरूनी उड़ीसा और उसके आसपास विस्तारित है. एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश से अंदरुनी उड़ीसा छत्तीसगढ़ होते हुए 1.5 कम ऊंचाई तक विस्तारित है।

### इधर, 13 राज्यों में तूफानी बारिश का अलर्ट जारी

**नई दिल्ली, 23 मई (न्यूज चैनल)।** कई दिनों की लगातार गर्मी और चिलचिलाती तापमान के बाद शनिवार सुबह हल्की बारिश और बादल छाए रहने से दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के निवासियों को अस्थायी राहत मिली। मौसम में अचानक बदलाव से कई लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गई, क्योंकि शहर के कुछ हिस्सों में धूल भरी आंधी, तेज हवाएं और रुक-रुक कर बारिश हुई, जिससे मौजूदा गर्मी की स्थिति से थोड़ी राहत मिली।

दिल्ली इस समय अत्यधिक अस्थिर प्री-मॉनसून मौसम की स्थिति का सामना कर रही है, जिसमें तेज हवाएं, धूल भरी आंधियां और कई इलाकों में छिटपुट बारिश हो रही है। मौसम में अचानक बदलाव तीव्र गर्मी के लंबे दौर के बाद आया है जिसने पिछले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी को एक आभासी भट्टी में बदल दिया था। कई निवासियों ने बारिश के बाद राहत व्यक्त की। बारिश की संक्षिप्त अवधि के बावजूद, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली और आसपास के एनसीआर क्षेत्रों के लिए %ऑरेंज अलर्ट% जारी किया है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि 27 मई तक गंभीर गर्मी की स्थिति जारी रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में शहर के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। आईएमडी ने 13 राज्यों में तूफानी बारिश की चेतावनी भी दी है, जबकि दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के कारण पूर्वोत्तर और दक्षिणी राज्यों में भारी बारिश की आशंका है। विभाग के मुताबिक, इस दौरान कई इलाकों में 65 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है. केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक समेत पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

### 10 दिन में तीसरी बार बढ़े ईंधन के दाम

# पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे महंगा



**नई दिल्ली, 23 मई (न्यूज चैनल)।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी कर दी गई है। शनिवार को पेट्रोल 87 पैसे प्रति लीटर और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। पिछले 10 दिनों में यह तीसरी बार है जब ईंधन की कीमतों में इजाफा किया गया है। लगातार बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। दिल्ली में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर बढ़ोतरी हुई है। पेट्रोल के दाम में 87 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद इसकी नई कीमत 99.51 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं, डीजल 91 पैसे महंगा होकर 92.49 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। तेल कंपनियों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उछाल बना हुआ है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण तेल सप्लाई को लेकर चिंता बढ़ी है। इसका सीधा असर भारत जैसे देशों पर पड़ रहा है, जो बड़ी मात्रा में कच्चा तेल आयात करते हैं।

पिछले कुछ दिनों में वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़े हैं। इसी वजह से तेल कंपनियों ने खुदरा ईंधन कीमतों में फिर बढ़ोतरी की है। लगातार तीसरी बार कीमतें बढ़ने से परिवहन खर्च और जरूरी सामानों की कीमतों पर भी असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। पेट्रोल और डीजल महंगे होने का सबसे बड़ा असर आम लोगों की जेब पर पड़ता है। निजी वाहन चलाने वालों का खर्च बढ़ेगा। वहीं, डीजल महंगा होने से ट्रक, बस और माल ढुलाई का खर्च भी बढ़ सकता है। इसका असर सब्जियों, फल, दूध और रोजमर्रा के सामानों की कीमतों पर दिखाई दे सकता है। माना जा रहा है कि अगर आने वाले दिनों में भी कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं, तो महंगाई और बढ़ सकती है। लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों ने मध्यम वर्ग और व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है।

## रेलवे को चूना लगाने वाले 400 लोग गिरफ्तार, बिना टिकट यात्रा करते पकड़ाए



**बिलासपुर, 23 मई (हाईवे चैनल)।** बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान के दौरान रेलवे स्टाफ ने बिना टिकट और अनियमित टिकट के मामलों में 4.97 लाख रुपए का जुर्माना वसूला है। इस अभियान में प्लेटफॉर्म सहित 25 ट्रेनों में जांच की गई, जिसमें 487 यात्री बिना वैध टिकट के यात्रा करते पाए गए। रेलवे प्रशासन द्वारा 21 मई से 14 जून तक विशेष नाका टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के अनुसार, इस जांच का उद्देश्य टिकटधारी यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सुव्यवस्थित यात्रा सुविधा प्रदान करना है। साथ ही, यात्रियों में वैध टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अनियमित यात्रा पर प्रभावी अंकुश लगाना भी इसका लक्ष्य है।

अभियान के पहले दिन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन और मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस. भारतीयन के नेतृत्व में बिलासपुर स्टेशन पर यह विशेष नाका टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

## मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने थाने का किया घेराव, पुलिस पर लापरवाही का लगाया आरोप



**महासमुंद, 23 मई (हाईवे चैनल)।** बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम कुसमी निवासी 23 वर्षीय युवक चितरंजन पटेल की उपचार के दौरान मौत के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने कोमाखान थाना का घेराव किया। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही बरतने और आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना परिसर में पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी। सूचना मिलने पर बागबाहरा एसडीओपी अजय शंकर त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों को मामले में कड़ी कार्रवाई और हत्या की धारा जोड़कर जांच करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। जानकारी के अनुसार, ग्राम कुसमी निवासी चितरंजन पटेल (23) की गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक पिछले कई दिनों से गंभीर हालत में भर्ती था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश फैल गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि युवक के साथ हुई गंभीर मारपीट के मामले में पुलिस ने शुरुआत से ही लापरवाही बरती। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, जिसके कारण शुक्रवार दोपहर ग्रामीण कोमाखान थाना पहुंचे और धरने पर बैठ गए। बताया जा रहा है कि चितरंजन अपने माता-पिता लीलाबाई और आशाराम पटेल के बजाय ग्राम बकमा में अपनी नानी के यहां रहता था। 15 अप्रैल को वह एक शादी समारोह में शामिल होने निकला था।




**चूहा- सुनती हो, तमिलनाडु में 59 साल बाद कांग्रेस सरकार में शामिल हुई है।**
**चुहिया- हां जी, विजय ने जीवनदान दिया है..!**

## कर्नाटक में सड़क हादसा, ट्रक-कार की भिड़ंत में 5 लोगों की मौत




**नई दिल्ली, 23 मई (न्यूज चैनल)।** कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि हादसा चित्तापुर तालुक के लाडलापुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-150 पर हुआ, जहां एक क्रूजर वाहन और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान टोलुसाब काशवार (27), हुसैन शाह (48), मैबूब अली (45), रसूल बी (42) और फातिमा अली (38) के रूप में हुई है। सभी चित्तापुर तालुक के इंगालगी गांव के निवासी थे और आपस में रिश्तेदार थे।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात मृतकों के एक रिश्तेदार की तबीयत निमोनिया से जुड़ी जटिलताओं के कारण बिगड़ गई थी। इसके बाद आठ लोग क्रूजर वाहन में उसे इलाज के लिए यादगिर शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराने गए थे। रिश्तेदार को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद चालक समेत पांच लोग वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11:40 बजे सामने से आ रहे तमिलनाडु के एक ट्रक ने क्रूजर वाहन को कथित तौर पर सीधी टक्कर मार दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि क्रूजर वाहन में सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का असर इतना गंभीर था कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। पुलिस के मुताबिक हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मामले में वाडी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। वहीं सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए वाडी सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है।

## धान गायब कर 52 लाख का भ्रष्टाचार, जांच के निर्देश

**राजनांदगांव, 23 मई (हाईवे चैनल)।** समर्थन मूल्य में किसानों से खरीदे गए धान में फर्जीवाड़े की पोल खुलती जा रही है। छुरिया ब्लाक के कुहीमाल और डोंगरगढ़ ब्लाक के मोहारा के बाद इसी क्षेत्र के बागरेकसा में बड़े फर्जीवाड़े और वित्तीय अनियमितता का राजफाश हुआ है। वहां जांच में 52 लाख 57 हजार 786 रुपये मूल्य के कुल एक हजार 696.06 क्विंटल धान का गबन पाया गया है। समिति के कर्मचारियों द्वारा सुनियोजित तरीके से रिकार्ड में हेराफेरी कर इस पूरे घोटाले को अंजाम दिया गया। कागजों में सूखत दिखाकर राशि दबा दी गई।



समिति प्रबंधक नीलकंठ साहू, आपरेटर ओम कुमार यादव व अन्य संलिप्त कर्मचारियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी है। संयुक्त जांच दल द्वारा उपार्जन केंद्र बागरेकसा का विस्तृत भौतिक सत्यापन एवं रिकार्ड मिलान किया गया। जांच दल द्वारा जब आनलाइन रिपोर्ट एवं वास्तविक रिकार्ड का मिलान किया गया, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। इस केंद्र में कुल एक लाख 64 हजार 169 बोरियों में कुल 65 हजार 627.60 क्विंटल धान खरीदी की गई थी। इसमें से 29 हजार 501.46 क्विंटल राइस मिलर्स को तथा 34430.08 क्विंटल संग्रहण केंद्रों को परिदान किया गया।

इस प्रकार कुल 63 हजार 931.54 क्विंटल धान का प्रदाय किया गया। आनलाइन रिकार्ड के अनुसार केंद्र में एक हजार 696.06 क्विंटल धान शेष होना था, परंतु भौतिक सत्यापन में बोरियों में और न ही खुले में एक किलो भी धान नहीं मिला। समिति प्रबंधक नीलकंठ साहू व ऑपरेटर ने भौतिक रूप से उपलब्ध नहीं पाये गये धान को सूखत होना बताया। उन्होंने स्वीकार किया कि मिलर्स को धान देते समय रैंडम वजन नहीं किया गया। जबकि जांच में पाया गया कि सुनियोजित तरीके से, धर्मकांटा में प्राप्त वास्तविक वजन की एंट्री न करते हुए काल्पनिक एवं फर्जी आकड़ों की आनलाइन प्रविष्टि कर 1696.06 क्विंटल धान को सूखत दिखा दिया गया।

# क्रॉस हिल्स पर भालुओं का डेरा, रिहायशी इलाकों तक पहुंचा खतरा

### वन विभाग रहा बेखबर



**डोंगरगढ़, 23 मई (हाईवे चैनल)।** डोंगरगढ़ के केदारबाड़ी स्थित क्रॉस हिल शुक्रवार शाम अचानक दहशत और रहस्य का केंद्र बन गई. पास के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार चल रहा था. लोग चिता के पास खड़े थे, तभी पहाड़ी की तरफ से रोने, कराहने और सिसकने जैसी अजीब आवाजें गूंजने लगीं।

आवाज इतनी तेज और भयावह थी कि वहां मौजूद लोगों के दिल दहल गए. कुछ देर तक किसी को समझ ही नहीं आया कि आखिर ये आवाज किसकी है और कहां से आ रही है. मुक्तिधाम में मौजूद लोगों को लगा कि शायद पहाड़ी पर कोई घायल है या कोई अनहोनी हो गई है. जैसे-जैसे आवाजें तेज होती गईं, वहां मौजूद लोगों के बीच डर और बेचैनी बढ़ने लगी. कई लोग पहाड़ी की तरफ देखने लगे, लेकिन कोई ऊपर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। इसी दौरान केदारबाड़ी निवासी रवि पांडेय और आशीषसुमित साहू मौके पर पहुंचे. दोनों ने मोबाइल कैमरा ऑन कर आवाज़ की दिशा में रिकॉर्डिंग शुरू की. जैसे ही कैमरा क्रॉस हिल की झाड़ियों और चट्टानों की तरफ घूमा, पूरा रहस्य सामने आ गया. पहाड़ी पर कई स्लॉथ बीयर घूमते दिखाई दिए, जो लगातार रोने और कराहने जैसी आवाजें निकाल रहे थे. वीडियो सामने आते ही इलाके में सनसनी फैल गई. देखते ही देखते क्रॉस हिल के नीचे लोगों की भीड़ जमा हो गई।

कई लोग पहली बार इतनी करीब से स्लॉथ बीयर को देखकर हैरान रह गए और मोबाइल से वीडियो बनाने लगे. देर शाम तक पूरे डोंगरगढ़ में क्रॉस हिल की रहस्यमयी आवाज़ चर्चा का विषय बनी रही. वन्यजीव जानकारों के मुताबिक स्लॉथ बीयर ऐसी आवाज़ें आमतौर पर तब निकालते हैं, जब मां और बच्चे एक-दूसरे से बिछड़ जाते हैं या संपर्क बनाने की कोशिश कर रहे होते हैं. इस दौरान भालू बेहद बेचैन और आक्रामक भी हो सकते हैं।